# भूमि पुनरुद्धार

## प्रिलिम्स के लिये:

**भूमि पुनरुद्धार, तटीय क्षेत्र, समुद्र का बढ़ता स्तर, तटीय बाढ़, ग्लोबल वार्मिंग, मैंग्रोव**

## मेन्स के लिये:

भूमि पुनरुद्धार की वर्तमान सीमा, भूमि पुनरुद्धार से संबंधित मुद्दे

## चर्चा में क्यों?

विशेष रूप से **पूर्वी एशिया, मध्य-पूर्व और पश्चिमी अफ्रीका में तटीय क्षेत्रों के बढ़ते आर्थिक महत्त्व** के परिणामस्वरूप विश्व स्तर पर **भूमि पुनरुद्धार** के काफी कार्य हुए हैं। इन परियोजनाओं से होने वाले आर्थिक लाभ के बावजूद इनके कारण **समुद्र स्तर में वृद्धि** तथा **तूफान** जैसी **पर्यावरणीय बाधाओं** से उत्पन्न होने वाले खतरों की संभावना बनी रहती है।

## भूमि पुनरुद्धार:

- **परिचय**:
  - भूमि पुनरुद्धार से तात्पर्य समुद्र, नदियों, झीलों अथवा दलदल जैसे **मौजूदा जलाशयों की स्थलाकृति में बदलाव करके नई भूमि का निर्माण करने की प्रक्रिया से है।**
  - **आर्द्रभूमि अथवा अन्य जल निकायों का रूपांतरण आमतौर पर समुद्र तट के आसपास के क्षेत्र में किया जाता है,** हालाँकि यह अंतर्देशीय क्षेत्र भी हो सकता है।
  - कृषि और औद्योगिक उद्देश्यों के लिये **तटीय क्षेत्रों का विस्तार करने हेतु भूमि पुनरुद्धार कार्य ऐतिहासिक रूप से किया जाता रहा है।**
- **पारंपरिक भूमि पुनरुद्धार:**
  - परंपरागत रूप से भूमि पुनरुद्धार का मतलब **ज्वारीय दलदल या उथले अपतटीय जल को घेरने हेतु तटबंधों की एक शृंखला का निर्माण करना** एवं शुष्क भूमि बनाने के लिये इन तटबंधों को हटाना था।
  - कुछ मामलों में **इन क्षेत्रों में अतिरिक्त तलछट ले जाने हेतु धाराओं को मोड़ दिया गया**, जिससे उच्च स्तर पर भूमि का निर्माण हुआ।
    - **मुख्य भूमि से मृदा और पत्थरों का उत्खनन कर और समुद्र तट के साथ या मौजूदा द्वीपों** के तट पर डंप करके उत्तरोत्तर **समुद्र में विस्तारित किया जा सकता है।**
- **आधुनिक भूमि पुनरुद्धार:**
  - वर्तमान में **प्रमुख इंजीनियरिंग परियोजनाओं** द्वारा कई **किलोमीटर की अपतटीय कंक्रीट बाधा दीवारों का निर्माण किया जाता है**, जिसमें रेत, गाद, मृदा या चट्टान की पर्याप्त मात्रा का प्रयोग होता, जिन्हें प्रायः दूरस्थ स्थापित किया जाता है।
  - रिक्लेमेशन साइट को **हाइड्रोलिक रिक्लेमेशन प्रक्रिया द्वारा जल के साथ मिश्रित समुद्री तल से निकाली गई मृदा** से भी भरा जा सकता है।
- **भूमि पुनरुद्धार की वर्तमान सीमा:**
  - इस अध्ययन, जिसने **कम-से-कम 1 मिलियन की आबादी वाले तटीय शहरों** की उपग्रह इमेजरी की जाँच की, से पता चला है कि विश्व भर के 106 शहरों में **पुनरुद्धार परियोजनाओं के चलते कुल मिलाकर लगभग 2,530 वर्ग किलोमीटर (900 वर्ग मील से अधिक) तटीय भूमि का निर्माण किया गया था।**
  - पिछले दो दशकों में **पूर्वी एशिया में** लगभग **90% नई तटीय भूमि का निर्माण** किया गया, इसके तहत वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में उद्योग हेतु और बंदरगाहों पर सुविधाओं के लिये सड़क निर्माण किया गया था।
    - अकेले चीन ने वर्ष 2000 और 2020 के दौरान **सिंगापुर और दक्षिण कोरिया में इंचियोन में भी लगभग 350 वर्ग किलोमीटर के** विशाल नए क्षेत्र को जोड़ा।

## भूमि पुनरुद्धार से जुड़े मुद्दे

- **समुद्र तटीय बाढ़:** हाल ही में तटीय भूमि का अधिकांश विस्तार **निचले इलाकों** में हुआ है तथा **वर्ष 2046 और 2100 के बीच** इस **भूमि के 70% से अधिक भाग पर** [**समुद्र तटीय बाढ़**]() के उच्च जोखिम का अनुमान है," यह स्थिति आंशिक रूप से [**ग्लोबल वार्मिंग**]() की वजह से उत्पन्न तूफान व भूमि के धँसने के जोखिम के कारण है।
    - **तेज़ तूफान और विनाशकारी बाढ़ के कारण** तटीय समुदाय अधिक प्रभावित हो रहे हैं।
- **सी-बेड इकोसिस्टम की विकृति: समुद्री और नदी पारिस्थितिकी से प्राप्त** [**रेत**]() जैसी सामग्री का उपयोग किये जाने से **जीवों के निवास स्थान** और स्पॉइंग ग्राउंड का विनाश हो सकता है।
    - कई देशों ने भूमि पुनरुद्धार के लिये रेत के निर्यात पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है। इसके परिणामस्वरूप रेत की कमी के चलते **कुछ निर्माण कंपनियाँ समुद्र तल से रेत और मृदा निकालने के लिये मजबूर हैं। इससे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को काफी नुकसान हुआ है।**
- **आर्द्रभूमि का नुकसान:** [**मैंग्रोव**](), **लवणीय दलदल** और **ज्वारनदमुख** जैसी तटीय आर्द्रभूमियाँ काफी उत्पादक पारिस्थितिक तंत्र हैं जिनसे कई पारिस्थितिक लाभ प्राप्त होते हैं।
    - भूमि पुनरुद्धार के अंतर्गत अक्सर इन आर्द्रभूमियों की **जल निकासी अथवा उन्हें भरने** का कार्य शामिल होता है जो इनके **नष्ट या परिवर्तित होने का कारण बनता है।**
    - आर्द्रभूमि का यह नुकसान तटीय पारिस्थितिक तंत्र के प्राकृतिक संतुलन को बाधित करने के साथ ही **जल की गुणवत्ता, मत्स्य नर्सरी और तटीय क्षेत्र की समग्र सुनम्यता को प्रभावित कर सकता है।**

## आगे की राह

- **रणनीतिक तटीय योजना:** भूमि पुनरुद्धार के दीर्घकालिक प्रभावों को ध्यान में रखने और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ आर्थिक विकास को संतुलित करने वाले **व्यापक तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजनाओं** को विकसित किये जाने की आवश्यकता है।
- **हरित इंजीनियरिंग समाधान: तटीय पारिस्थितिक तंत्र** पर भूमि पुनरुद्धार के **प्रभाव को कम** करने वाली **नवीन व हरित इंजीनियरिंग तकनीकों को नियोजित करने की आवश्यकता है।**
    - उदाहरण के लिये **पारगम्य संरचनाओं, तैरते द्वीपों और रेत से भरे कंटेनर जैसे इंजीनियरिंग समाधानों को अपनाना, जो पानी का प्रवाह सुनिश्चित करते हैं और तटीय गतिविधियों में व्यवधान को कम करते** हैं।
- **तटीय निगरानी के लिये AI:** तटीय परिवर्तनों की निगरानी करने, कटाव हॉटस्पॉट की भविष्यवाणी करने और तटीय प्रबंधन हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिये [**कृत्रिम बुद्धिमत्ता**]() एवं **रिमोट सेंसिंग तकनीकों** का उपयोग करने की आवश्यकता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न.** शहरी भूमि उपयोग में जल निकायों के सुधार के पर्यावरणीय प्रभाव क्या हैं? उदाहरण सहित समझाइये। (2021)

## [स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/land-reclamation